## खबर संक्षेप



### माधवनगर के इंडोर हॉल में हुईकुश्ती प्रतियोगिता

**कटनी।** खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय द्वारा जिले में तीन दिवसीय विविध खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को माधवनगर के इंडोर हॉल में कुश्ती के मुकाबले का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में कई युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कुशतील प्रतियोगिता मेंसीनियर बालक वर्ग में रवि वंशकार ने पहला स्थान हासिल कियाजबकि साहिल वंशकार दूसरे और चाँद वंशकार तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में अंश वंशकार ने बाजी मारी जबकि चंद्रपाल चौधरी को दूसरा और सत्यजीत गुप्ता को तीसरा स्थान मिला। वहीं, बालिका वर्ग में चाँदनी वंशकार प्रथम, भूमि बक्सेल द्वितीय और सीता यादव तृतीय रहीं।

### जिले में अब तक 915.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज, रीठी में सबसे ज्यादा

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 30 अगस्ता तक कुल 915.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1211.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 893.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 2.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 995.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 1211.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 857 मिलीमीटर, बरही तहसील में 820 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 808.8 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 798.7 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1009.9 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 820.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### पेंशन योजनाओं का लाभ लेने हेतु ई-केवायसी अनिवार्य

**कटनी।** सामाजिक न्या य एवं दिव्यांरगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत संचालित समस्त5 पेंशन योजनाओं में पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। यह निर्णय पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के उद्देश्या से लिया गया है। इसी क्रम में राज्या शासन के निर्देश पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने नगर पालिक निगम, जनपद पंचायतों और नगर परिषदों के अधिकारियों को विशेष अभियान चलाकर 31 अगस्त तक ई-केवायसी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। निर्धारित तिथि तक ई-केवायसी नहीं कराने वाले हितग्राहियों की पेंशन रोक दी जाएगी। 31 अगस्त के बाद यदि किसी हितग्राही की पेंशन ई-केवायसी न होने के कारण रुकती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित निकाय प्रमुख और सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की होगी। इसके अतिरिक्त यदि किसी विशेष कारण से हितग्राही की ई-केवायसी नहीं हो पा रही है, तो उसकी अलग से सूची बनाकर जिला कार्यालय को भेजने का निर्देश भी दिया गया है। पेंशन हितग्राही ग्राम पंचायत/वार्ड कार्यालय, एमपी ऑनलाईन कियोस्का, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं लोक सेवा केन्द्री पर जाकर अपनी ई-केवायसी करा सकते हैं।

## जिला सायबर सेल टीम द्वारा सायबर फ्रॉड से जुड़े 132 मोबाइल डिवाइसेज को कराया ब्लॉक

# साइबर फ्राड: जागरूक रहना जरूरी, नहीं तो जालसाज लगा सकते हैं चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आधुनिकता के इस युग में हर व्यक्ति के जेब में एंड्राइड मोबाइल है, मोबाइल कई तरह की सुविधाओं उपलब्ध कराता है। आज मोबाइल न सिर्फ संपर्क तक सीमित है बल्कि आपका चलता फिरता बैंक अकाउंट है। जरा सी असावधानी या जागरूकता की कमी से बैंक अकाउंट खाली होने में समय नहीं लगता। साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करने के प्रयास किये जा रहे हैं। बैंकों अधिकारियों से लेकर पुलिस द्वारा भी आम नागरिकों को जालसाजो के झांसा में नहीं आने तथा अपनी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। दूसरी ओर साइबर क्राइम करने वाले भी नित नये तरीकों से लोगों को कभी धमकाकर तो कभी लालच देकर बातों में उलझाकर गोपनीय जानकारी एकत्र कर तगड़ी आर्थिक चपत लगा रहे हैं। जब तक लोगों को ठगे जाने का अहसास होता है तब तक देर हो जाती है।

### इन नंबरों में कर सकते हैं शिकायत

सायबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया के मार्गदर्शन में जिला सायबर सेल टीम द्वारा अब तक सायबर फ्रॉड से जुड़े 132 मोबाइल डिवाइसेज़ को चिन्हित कर ब्लॉक करवाया गया है। कटनी पुलिस के द्वारा साइबर फ्रॉड को रोकने के लिए अब तक की है सबसे बड़ी कार्यवाही कहीं जा सकती है। फाइबर फ्रॉड पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाहियां चल रही है पुलिस अलर्ट रहकर हर संभव प्रयास करती हुई दिखाई दे रही है।

पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा जिला सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049140613 तथा नेशनल सायबर हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर एनसीआरपी पोर्टल के जरिए कंप्लेन रजिस्टर कर फ्रॉड अमाउंट को फ्रीज करवाने की कार्रवाई भी कटनी साइबर टीम के द्वारा की जा रही है। अब तक की जांच में पाया गया है कि सायबर फ्रॉडस्टर धोखाधड़ी करने हेतु फर्जी बैंक खाते एवं फर्जी मोबाइल सिम का उपयोग किया जा रहा हैं। अलग-अलग राज्यों से फर्जी दस्तावेजों या लोगों को लालच देकर सिम खरीदी जाती हैं तथा इन्हें हॉटस्पॉट बनाकर फ्रॉड गतिविधियों में प्रयोग किया जाता है। ऐसे ही संदिग्ध मोबाइल डिवाइसेज़ की पहचान कर उन्हें कटनी साइबर टीम के द्वारा ब्लॉक करवाया गया, जिससे अब इनका दुरुपयोग संभव नहीं होगा। इस कार्रवाई में प्रभारी सायबर सेल उनि रूपेन्द्र सिंह राजपूत एवं जिला सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका है। कटनी पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के सायबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल 1930 या जिला सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049140613 पर संपर्क करें।

### जालसाज लोगों को लालच एवं कार्यवाही का दिखाते हैं डर

जालसाज लोगों को कई तरह से अपनी चंगुल में फंसाने का प्रयास करते हैं। अमूमन अक्सर जालसाज फोन के माध्यम से लोगों को लालच या फिर कानूनी कार्यवाही किये जाने की बात कहते हैं कि आपके विरूद्ध फलां धारा के तहत अपराध दर्ज किया जा रहा है बचना है तो इतने पैसे तुरंत भेजिए। बैंक प्रतिनिधि बनकर एटीएम बंद होने या फिर किसी योजना का लालच देकर बातों पर उलझाकर आर्थिक चपत लगाते हैं। पुलिस प्रशासन से लेकर बैंकों द्वारा समय समय पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि ऐसे किसी भी अनजान कॉल पर भरोसा नहीं करें



## संतान की दीर्घायु कामना के लिए माताओं ने रखा संतान सप्तमी व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद में संतान सप्तमी व्रत आस्था व भक्तिभाव के साथ शनिवार को मनाया गया। माताओं ने संतान की दीर्घायु कामना के लिए संतान सप्तमी व्रत रखा। शनिवार को संतान सप्तमी व्रत पर माताओं ने सामुहिक रूप से नदी व सरोवरों मैं स्नान कर सूर्य को अर्घ्य दिया गया। देर शाम घरो व मंदिरों मैं संतान सप्तमी पूजा हुई। जहां पंडितों के द्वारा विधि विधान से संतान सप्तमी की पूजा अर्चना करवाई गई। माताओं ने भगवान शिव -पार्वती की पूजा अर्चना कर संतान की दीर्घायु की कामना की। पूजा अर्चना के दौरान चांदी की चूड़ी माताओं के द्वारा पूजा मैं अर्पित कर फिर अपने हाथों मैं धारण किया गया। पंडितों ने बताया कि संतान सप्तमी व्रत करने से संतान की दीर्घायु व उनके सभी दुःखों का नाश होता है। पूजा अर्चना के बाद व्रत का परायण किया गया। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि संतान सप्तमी व्रत भाद्रपद मास शुक्लपक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है।इसे मुक्ताभरण व्रत ओर ललिता सप्तमी व्रत के नाम से भी जाना जाता है। संतान सप्तमी व्रत के चलते चांदी की जमकर बिक्री हुई। संतान सप्तमी पर चांदी की चूड़ी धारण की जाती है।जिस कारण दो तीन पहले से ही ज्वेलर्स दुकानों में चांदी की चूड़ी बनवाने के ऑर्डर आ गए थे।

*उमरियापान एवं बड़वारा में कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने किया संबोधित*

## आपसी मतभेदों को मिटाकर संगठन को मजबूत करने सभी कार्यकर्ता करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ग्रामीण सौरव सिंह ने ग्राम पंचायत बड़वारा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए बूथ को मजबूत करने का सभी को संकल्प दिलाया। हर कार्यकर्ता से अपील की और कहा कि यह एमपी की भाजपा सरकार वोट चोरी की सरकार है इसने वोट चोरी करके सरकार बनाई है हम सब भविष्य में इस सरकार को एमपी से हटाना है और सभी को मेरे साथ मिलकर हर बूथ में कांग्रेस को मजबूत करना है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विजय राघवेंद्र सिंह ने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और सभी से एकजुट होने की अपील की। इस कार्यक्रम को सुनील सिंह बघेल जनपद सदस्य, मोहम्मद इसराइल युवा कांग्रेस नेता, ओंकार सिंह टेकाम जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, ललन सिंह, संदीप सिंह, संदीप गुप्ता शैलेश जयसवाल विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस ने भी संबोधित किया। जिला अध्यक्ष कुंवर सौरव सिंह ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम के साथ लखाखेरा, नन्हवारा के बीजेपी से आए कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की शपथ दिलाई एवं बड़वारा निवासी लल्लू पटेल, जियालाल कोरी, रमेश साहू आदि को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

इसी तरह सौरभ सिंह ने का उमारियापान में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन मजबूत और विस्तार करने को लेकर चर्चा की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन को सशक्त बनाने सभी कार्यकर्ताओं का सहयोग होना चाहिए।संगठन को मजबूत करने के लिए आपसी मतभेद दूर रखकर एकजुट होकर कार्य करें। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने ढीमरखेड़ा, मुरवारी,दशरमन और सिलौंड़ी क्षेत्र का दौराकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान शिवकुमार चौरसिया,ब्लॉक अध्यक्ष आनंद मिश्रा,सरपंच अटल ब्यौहार,सीएल शुक्ला,मुकेश परौहा, मनोज चौरसिया,जमुना तिवारी आदि की उपस्थिति रही।

## खेलों से होता शारीरिक एवं मानसिक विकास



शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। मां सरस्वती के पूजन एवं वंदन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। क्रीड़ाधिकारी डॉ. सचिन कोष्टा ने विद्यार्थियों को जीवन में खेलों के महत्व से अवगत कराया। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत कम से कम 30 मिनट प्रतिदिन खेलने के लिए प्रेरित किया।प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार ने अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को किसी न किसी खेल में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार नागवंशी ने राष्ट्रीय खेल हॉकी को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने में मेजर ध्यानचंद की भूमिका पर अपने विचार रखें। इसी क्रम में डॉ. मनीषा व्यास ने कहा कि खेलों से हमारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है और हम स्वस्थ्य रहते हैं। इसके उपरांत महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन का मैच खेला गया।

## 1 लाख 72 हजार रूपये से अधिक की अवैध शराब जब्त, 5 प्रकरण किये दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ग्राम हरदुआ कुडो में आयोजित लोक जनसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय की शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश परआबकारी विभाग और पुलिस थाना कुठला की संयुक्त टीम ने आबकारी वृत्ति बहोरीबंद के अंतर्गत कुचबंदिया मोहल्ला हरदुआ में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुये भारी मात्रा में अवैध महुआ लाहन और हाथ भट्टी मदिरा जब्त की है। टीम ने दबिश के दौरान प्लास्टिक के गुम्मों में छिपाया गया 1 हजार 125 किलोग्राम महुआ लाहन और 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। जब्त की गई सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1 लाख 72 हजार 500 रुपये आंकी गई है। टीम द्वारा मौके पर ही महुआ लाहन को नष्ट कर दिया गया। आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क और च के तहत कुल 5 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। संयुक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस.बी. कोरी, आबकारी उप-निरीक्षक केशव उइके, के.के. पटेल, अतुल कुटार, आंचल प्रजापति के साथ-साथ आबकारी आरक्षक रामसिंह, राजेश गौंटिया, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, किसनलाल बराडिया, सैनिक प्रभु लाल सेन और पुलिस थाना कुठला के आरक्षक शामिल थे।

*समय पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने अधिकारियों को दिये निर्देश*

## महापौर ने सिमरार घाट पर गणेश प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने वार्ड क्रमांक 45 अमीरगंज पडरवारा स्थित सिमरार नदी घाट पहुंचकर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर निगम द्वारा की जाने वाली आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाट पर की गई जाने वाली साफ-सफाई, घाट के कटाव के गड्ढों की फिलिंग कराने, घाट पहुंच मार्ग की दोनों ओर की झाड़ियों की कटाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य नागरिक सुविधाओं को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री सुभाष साहू, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, स्थानीय पार्षद विनोद लाला भुट्टु , पूर्व पार्षद आलम भाई और सुधीर पटेल सहित काफी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

### सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विसर्जन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देने तथा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के दिशा निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक इंतजाम समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने कहा कि गणेश प्रतिमा विसर्जन नगर के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्व है, अतः इसकी व्यवस्थाएं बेहतर और सुव्यवस्थित रहनी चाहिए।

महापौर ने विसर्जन घाट की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों प्रेम यादव, दुर्गा यादव, हरपाल आदिवासी, मुन्नी मिश्रा, विनोद श्रीवास, विवेक तिवारी सहित अन्य जनों से क्षेत्र के विकास कार्यों के संबंध में चर्चा करते हुए पंचम गली रोड पर सड़क एवं नाली निर्माण कराए जाने की मांग पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## रसिक बिहारी जू मंदिर एवं बांधा इमलाज में होंगे विविध आयोजन

# तीन शुभ योगो में मनेगा राधा रानी का प्राकट्य उत्सव, मंदिरों में तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





भादों महीना बेहद खास होता है। इस महीने यशोदानंदन कृष्ण का जन्मदिवस पड़ता है तो उनको अति प्रिय राधा रानी की जयंती भी आती है, जिसे राधा अष्टमी व्रत के नाम से जानते हैं। विशेष बात यह है कि इस साल राधा अष्टमी व्रत तीन शुभ योग में मनाई जाएगी। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि राधा अष्टमी के नाम से जानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन वृंदावन क्षेत्र में राधा रानी का जन्म मध्याह्न के समय हुआ था।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी तिथि रविवार को है। राधा अष्टमी पर प्रीति, आयुष्मान व रवि योग का संयोग है। जन्माष्टमी की तरह राधाष्टमी का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन विवाहित महिलाएं संतान सुख और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए व्रत रखती हैं। जो लोग राधा रानी जी को प्रसन्न कर लेते हैं। उनसे भगवान श्री कृष्ण अपने आप प्रसन्न हो जाते हैं। कहा जाता है कि व्रत करने से घर में मां लक्ष्मी आती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। राधा रानी के बिना भगवान श्री कृष्ण की पूजा भी अधूरी मानी जाती है। इसलिए राधा अष्टमी का त्यौहार भी कृष्ण जन्माष्टमी की तरह बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।

### मंदिरों में होंगे विविध आयोजन

सिंहवाहिनी महिला मंडल की सदस्यों ने बतलाया की राधा रानी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। राधा अष्टमी पर रविवार को सुबह राधा रानी का पंचामृत से अभिषेक कर फूलों से श्रंगार किया जायेगा। रसिक बिहारी जू को भी पीत रंग की नवीन पोशाक धारण करवाकर मनमोहक श्रंगार किया जायेगा। अधिवास पूजन के बाद छप्पन भोग अर्पित किया जायेगा। सायकालीन 4 बजे भजन संकीर्तन महिलाओं के द्वारा किया जायेगा।

श्री राधाकृष्ण मंदिर लघुवृंदावन धाम बांधा में राधारानी जू का प्राकतटयोत्सव संपूर्ण भव्यता, उमंग, उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा । सायं 6:00 बजे से पंडित विपिन परोहा के संयोजन में श्री वैष्णो इवेंट्स कटनी द्वारा श्री राधाकृष्ण मय भजनों की रसगंगा प्रवाहित होगी । सायं 7:30 से श्री राधारानी जू भगवान श्री मुरली मनोहर जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी एवं हनुमान जी की भव्य महाआरती होगी तथा प्रसाद वितरण होगा । श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, मनोज पाठक, सत्येंद्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे ,राघवेंद्र दुबे, ओमप्रकाश दुबे, बड़ू सिंह, बहादुर कुशवाहा ,शैलेंद्र विश्वकर्मा आदि ने समस्त धर्म प्रियजनों से मंदिर पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है ।

## बाइक सवारों ने तीन लोगों के छीने मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

नगर में बदमाशों के हौसलें दिनों दिन बढ़ते जा रहे हैं। चोरी, लूट के बाद राह चलते लोगों से मोबाइल भी छीने जा रहे हैं। बढ़ती वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे सब्जी मंडी के पास से सत्यम कचेर का 1 लाख पांच हजार कीमती मोबाइल छीनकर चंपत हो गए। वहीं नरेश सेन कमानिया गेट में सैलून की दुकान बंद कर घर जा रहा था चलते बाइक से छीन लिए। इसी तरह एक अन्य युवक का मोबाइल छीना गया। अज्ञात बाइक सवार चोरों ने तीन युवकों से मोबाइल छीन लिए और फरार हो गए। घटना के बाद आरोपियों ने उमरिया जिले की सीमा में प्रवेश कर लिया, जिनका पीछा करते हुए बरही पुलिस भी रात में ही मौके पर पहुंच गई फिलहाल चोरी हुए मोबाइल अभी तक बरामद नहीं हो सके हैं। बरही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बरही नगर में इस तरह की लगातार हो रही वारदातों से स्थानीय लोग दहशत में हैं। लोग शाम ढलते ही बाहर निकलने में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस की चुनौती अब इन सक्रिय हो चुके मोबाइल चोर गिरोह पर अंकुश लगाने की है मोबाइल छीनकर भागने वालों संदेहास्पदों को बरही पुलिस ने उमरिया जिले के इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम धनवाही के लोनी समाज के तीन संदेहियों को पकड़ा है पूछताछ कर रही है।

## खबर संक्षेप



### विधिक साक्षरता शिविर में दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

**ढीमरखेड़ा।** तहसील मुख्यालय मैं स्थित व्यवहार न्यायालय में न्यायाधीश सुश्री पूर्वी तिवारी के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को कानून के विषय में जानकारी दी गई जिसमें मजदूरी से बने कानून की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि बाल मजदूरी अपराध की श्रेणी में आता है। कम उम्र की लड़कियों एवं लड़कों को मजदूरी न करवाए ऐसी में शिकायत होने पर कार्यवाही का प्रावधान है। पढ़ने लिखने की उम्र में बच्चों से काम करवाना बिल्कुल भी उचित नहीं है सभी के माता-पिता से हम कहते हैं कि अपने अपने बच्चों को स्कूल भेजें और पढ़ लिखकर एक समाज के जिम्मेदार नागरिक बनाऐ एवं गाड़ी वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करें गाड़ी के सभी कागज बीमा ड्राइवर लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है। नाबालिक बच्चों को गाड़ी ना दे और यातायात कि नियमों का पालन करते हुए आप लोग गाड़ी चलाएं और शराब पीकर तो बिल्कुल भी गाड़ी न चलाई है नियम के विरुद्ध एवं अपराध की श्रेणी में आता है।

### 15 सितंबर से शुरू होंगे खरीफ फसलों के पंजीयन

**कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए किसानों का पंजीयन 15 सितंबर से शुरू हो रहा है। पंजीयन का कार्य रविवार और अन्य शासकीय छुट्टियों को छोड़कर 10 अक्टूबर तक सभी कार्य दिवसों में किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने पंजीयन के दौरान बेहतर व्यवस्था प्राप्त करने के लिए किसानों से उनका आधार नंबर, बैंक खाता और मोबाइल नंबर आपस में लिंक और अपडेटेड रखने की अपील की है। यदि किसी किसान का बैंक खाता या मोबाइल नंबर, आधार से अपडेट नहीं है, तो वे अपने नजदीकी आधार केंद्र में जाकर इसे अपडेट करवा सकते हैं।

### संदीपनि विद्यालय करेला की छात्राएं क्षेत्रीय नृत्य कला में जिले में टाप



**बरही।** तहसील अंतर्गत करेला में संचालित श्रेत्र का सर्व सुविधायुक्त सीएम राइज संदीपनि विद्यालय की छात्राएं क्षेत्रीय नृत्य कला उत्सव प्रतियोगिता के जिले में अपनी टीम के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें करेला की छात्राएं जिले में खिताब जीता विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी गई।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर के थाना क्षेत्रों में पुलिस ने की कार्रवाई

# पारधियों के ठिकानों पर दबिश, संदिग्ध घरों की तलाशी, अवैध कच्ची शराब कराई नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश पर जिलेभर में पारधियों की गतिविधियों की जांच, फरार आरोपियों की तलाश एवं अवैध शराब निर्माण पर प्रभावी रोकथाम हेतु पुलिस की कई टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहीं। पुलिस ने रेड कार्रवाई को अंजाम देते हुए संदिग्ध ठिकानों में दबिश दी और बदमाश प्रवत्ति के लोगों की तलाश की।

थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश समन एवं पुलिस बल ने ग्राम कुडो, हरदुआ, हरदुआ मदार टेकरी व पठरा का भ्रमण किया। कार्रवाई के दौरान कई संदिग्ध घरों एवं झोपड़ियों की तलाशी ली गई। जिन स्थानों पर अवैध शराब, लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई, उन्हें मौके पर नष्ट कराया गया। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ कर सख्त चेतावनी दी तथा अवैध गतिविधियों पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए। एसडीओपी विजयराघवगढ़ धीरेन्द्र धार्वे के नेतृत्व में थाना प्रभारी बरही शैलेंद्र यादव व थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ रीतेश शर्मा की टीम ने हीरापुर, ददरी एवं फूटहा टोला का भ्रमण करते हुए रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। ग्राम हीरापुर में लगभग 400 किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया। ग्राम ददरी में भी पारधियों के घर से महुआ लाहन बरामद कर नष्ट कराया गया। डीएसपी हेडक्वार्टर उमराव सिंह के नेतृत्व में

थाना प्रभारी रीठी शाहिद खान एवं थाना प्रभारी बहोरीबंद अखिलेश दाहिया ने ग्राम बिरूहली व सगमा में फरार आरोपीयों की तलाश की एवं बड़ी मात्रा में महुआ लाहन नष्ट कराया।।थाना बड़वारा प्रभारी के.के. पटेल एवं थाना एनकेजे पुलिस बल ने ग्राम बसाडी, धौरा पहाड़ी व निगेरा पहाड़ी में परधियों के डेरे व संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। बिलहरी चौकी पुलिस द्वारा ग्राम घुघरा, कैमोरी एवं करहिया में पारधी एवं नागड़िया समाज के लोगों के डेरे व झोपड़ियों की गहन तलाशी ली गई।।चैकिंग के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ-लाहन एवं अन्य आपत्तिजनक सामग्री पाई गई, जिन्हें मौके पर नष्ट किया गया। 3 व्यक्तियों के विरुद्ध अवैध कच्ची महुआ शराब रखने पर प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई। थाना विजयरघवगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम फुटहा टोला ख़िरबा में दबिश दी गई, जहां अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त महुआ-लाहन नष्ट किया गया।

# प्रशासन टीम ने शिक्षा टीम को 6 विकेट से दी शिकस्त

**जिला पंचायत सीईओ के निर्देश और नेतृत्व में हुआ सीमित ओवरों का क्रिकेट मैच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर प्रदेश भर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विविध प्रकार की खेलकूद की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश, नेतृत्व और मार्गदर्शन में साइना इंटरनेशनल स्कूल खेल परिसर में प्रशासन इलेवन और शिक्षा विभाग इलेवन के बीच 12-12 ओवरों का पहला क्रिकेट मैच का मुकाबला खेला गया। खेलों को बढ़ावा देने एवं युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने की दृष्टि से आयोजित किए गए सीमित ओवरों के क्रिकेट मैच के एक तरफा मुकाबले में प्रशासन एकादश ने शिक्षा एकादश को 6 विकेट से शिकस्त देकर मैच जीता।

लो स्कोरिंग मैच में प्रशासन 11 ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लेते हुए शिक्षा विभाग 11 को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले खेलते हुए शिक्षा इलेवन ने 12 ओवर में 9 विकेट खोकर 47 रन बनाए। शिक्षा एकादश की ओर से सर्वाधिक 12 रन राघवेंद्र ने बनाए। प्रशासन एकादश की ओर से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए विमलेश ने तीन विकेट झटक कर खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जबकि मुकेश, एहसान, अतुलेश,राहुल और नजीर को एक-एक विकेट मिला। जवाबी पारी खेलने उतरी प्रशासन एकादश की टीम ने 8.7 ओवर में चार विकेट होकर 48 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्रशासन की ओर से सर्वाधिक 14 रन अतुलेश सिंह ने तथा नितिन ने 12 और प्रशांत ने 10 रन बनाए। शिक्षा एकादश की ओर से आशीष ने दो खिलाड़ियों,गणेश और राघवेंद्र ने एक एक खिलाड़ी को आउट किया। प्रशासन की ओर से अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने पर अतुलेश सिंह को मैन ऑफ़ द मैच से नवाजा गया।

प्रशासन की ओर से संयुक्त कलेक्टर जितेंद्र पटेल तथा शिक्षा विभाग की ओर से शेखर पाठक ने कप्तानी की।

**खेल विभाग ने युवतियों को विभिन्न स्थानों का कराया भ्रमण**

# सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भौगोलिक स्थानों का भ्रमण करके जाना महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत माँ तुझे प्रणाम योजना के तहत जिले की 12 युवतियों को अनुभव यात्रा पर भेजा गया। जहाँ उन्हें सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व भौगोलिक स्थानों का भ्रमण कराया गया। बहोरीबंद खेल समन्वयक चेतना झा के नेतृव्य में 12 युवतियों का दल अनुभव यात्रा पर गया, जहाँ उज्जैन मै सांदीपनि आश्रम, हनुमान टेकरी, काल भैरव, बगलामुखी, महाकालेश्वर, हरि सिद्दी, महाकाल कोरिडोर का भ्रमण किया गया।

यहाँ पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन के अध्यक्ष द्वारा सम्मान किया गया। इसके बाद मंदसौर मै राज राजेश्वरी मंदिर, गाँधी सागर जलाशय, चंबल नदी डैम, संसेट पाइंट, पशुपतिनाथ मंदिर, जंतर -मंतर आदि जगह का भ्रमण कराया गया ओर विभिन्न स्थानों के बारे विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। अनुभव यात्रा पूरी कर दल वापिस लौट आया।

### अनुभव यात्रा पर भेजा

खेल समन्वयक चेतना झा ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत प्रतिवर्ष मां तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत जिले के समस्त विकासखण्डों से युवक एवं युवतियों को अनुभव यात्रा पर भेजा जाता है। जिन युवक एवं युवतियों का चयन मां तुझे प्रणाम योजनांतर्गत किया गया,उन्हें संचालनालय से निर्देश प्राप्त होने पर अनुभव यात्रा पर भेजा गया।

सशक्त भारत और आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के सपने को साकार करने के लिए युवाओं में देश की सीमाओं की सुरक्षा के प्रति जागृति लाने, राष्ट्र के प्रति समर्पण और युवाओं को सेना तथा अर्द्धसैनिक बलों के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से माँ तुझे प्रणाम योजना की शुरुआत की गई है। इस यात्रा से बालिकाओं में न सिर्फ़ देश भक्ति की भावना जागृत होगी बल्कि वे भविष्य में देश की सेवा कर स्वयं को आत्म-निर्भर बनाने में भी सफल होंगी।

उल्लेखनीय है कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ३माँ तुझे प्रणाम योजना३ में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा चयन किया जाता है।

## गौ सेवकों को दिया गया कृत्रिम गर्भाधान का प्रशिक्षण



जिले में गौवंश और भैंस वंश में नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान की नवीनतम तकनीकों को समझाने के उद्देश्य से जिला पशु चिकित्सालय झिंझरी में कृत्रिम गर्भाधान से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी गौसेवक, मैत्री कार्यकर्ता और एआईपीपी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों ने कृत्रिम गर्भाधान की आधुनिक तकनीकों, सेक्स सॉर्टेड सीमेन से गर्भाधान और तरल नाइट्रोजन के प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया। सीमेन डोज, कंटेनर, और थाविंग के रखरखाव तथा परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही थाविंग कार्ड का उपयोग करके पानी के तापमान को 37 डिग्री सेल्सियस पर आसानी से सेट करने की विधि समझाई गई। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को 150 दिन की समय-सीमा के भीतर प्रतिदिन कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्यों के बारे में सूचित किया गया। प्रतिभागियों को पशु टैगिंग, कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ परीक्षण, काल्विंग और टीकाकरण जैसे कार्यों की भारत पशुधन ऐप पर ऑनलाइन एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ऐप में आने वाली समस्याओं का समाधान भी बताया गया।

# छलकपट करने वाला दुर्गति को प्राप्त होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



दिगम्बर जैन समाज पंचायत महासभा के तत्वाधान में जैन बोर्डिग हाउस परिसर में पर्यूषण के तीसरे धर्म उत्तम आर्जव धर्म पर चर्चा करते हुये पदम सागर महाराज ने कहा मन मे होय सो वचन करिये वचन होये सो तन से करिय याने मन वचन और काय की एक रूपता जिसके जीवन में होती है उसका जीवन शांत एवं सुखमय होता है। मुनिश्री ने आगे कहा की अभिमान का त्यागकर स्वाभिमानी बने उन्होने ने आगे बतलाया कि मायाचारी, छलकपट करने वाले को तिर्यंच गति की प्राप्ति होती है और वह दुर्गती को प्राप्त होता है।

अतः दुर्गती से बचने के लिये मायाचारी,छलकपट का त्याग करे उत्तम शब्द सम्यक दर्शन को बताता हैं अर्थात सच्चे देव शास्त्र गुरूओं की श्रद्धा एवं सात तत्वों की श्रद्धा सहित मन वचन काय में सरलता को उत्तम अर्दव धर्म कहते है।

'शांतिधारा करने का सौभाग्य श्री 1008 चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन बंगला मंदिर के श्रद्धालुओं के साथ महेन्द्र कुमार अमित कुमार जैन कोयला वालों को प्राप्त हुआ तथा आहार चर्या रूपेश जैन गांधीगंज वाले को सम्पन्न हुई। तत्वार्थसूत्र का वाचन बंगला मंदिर पाठशाला के बच्चों के द्वारा किया गया रात्रि में दिगम्बर जैन सोशल गुरप मैन द्वारा भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मेंन कटनी द्वारा भजन संध्या गायन प्रतियोगिता का आयोजन जैन बोर्डिंग हाउस में किया गया जिसमें सभी 12 प्रतियोगिताओं को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया एवं प्रथम पुरस्कार श्रीमान शरद जैन द्वितीय पुरस्कार श्रीमती नेहा अखिलेश जैन तृतीय पुरस्कार श्रीमतीखुश्बू जैन को प्राप्त हुआ निर्णायक मंडल में श्रीमती ऋतु जैन एवं गायत्री जैन तथा सांगानेर से पधारे विद्वान पंडित द्वारा निर्णय दिया गया।

**बहोरीबंद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की धरपकड़ कार्रवाई**

# अलग अलग स्थानों में मोबाइल से सट्टा खिला रहे चार सटोरियों को पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बहोरीबंद थाना प्रभारी अखलेश दाहिया के द्वारा टीम बनाकर मुखबिर की सूचना पर कटहा मोहल्ला बहोरीबंद मंदिर, मयूर मार्केट, पशु चिकित्सालय बहोरीबंद के पास अलग अलग स्थानों सट्टा पट्टी काट रहे बदमाशों की धरपकड़ की गई।

पुलिस टीम ने कटहा मोहल्ला मंदिर के पास सत्यनारायण बर्मन 45 वर्ष, बसंत भुमिया पिता बेडीलाल भुमिया 40 वर्ष निवासी कटहा मोहल्ला एवं मयूर मार्केट के सामने आरोपी संतराम पटेल पिता घनश्याम पटेल 34 वर्ष निवासी ग्राम खरगंवा थाना बहोरीबंद तथा पशु चिकित्सालय मार्केट के पास आरोपी वीरेन्द्र कुमार ऊर्फ छोटू पाल पिता दादूराम पाल(गडारी) 27 वर्ष निवासी गाताखेडा को मोबाईल फोन के माध्यम से सटटा पटटी लिख कर सट्टे के अंको पर रुपये पैसो का दाव लगवाकर लेन-देन करते हुए पकड़ा गया।

पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से 3 मोबाईल मोबाईल फोन कीमती करीबन 26,000 रुपये व सटटे की रकम 2260 रू जप्त करते हुये आरोपियो के विरूद्ध धारा 4 (क)सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### 400 रूपए मिलती है मजदूरी

आरोपी सत्यनारायण बर्मन एवं बसंत भुमिया के कथन लेख किये जाने पर इनके व्दारा बताया गया कि जैनू बर्मन इन्हे 400 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी से सटटा पटटी कटवाता है और यह सटटा पटटी काटकर जैनू बर्मन को देते है। मामले मे आरोपी जैनू बर्मन के विरुद्ध धारा 49 बीएनएसएस बढायी गयी है। आरोपी जैनू बर्मन की तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी बहोरींबद अखलेश दाहिया, सउनि. अनुराग पाठक, प्र.आर रमेश सिह, भोलाराम गुप्ता, आर. अतुल श्रीवास्तव, दीपक सिह, आकाश साहू, कोमल शा, बृजेश सिह की सराहनीय भूमिका रही।

## महापौर ने रिवर फ्रंट योजना के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

# तय समय में गुणवत्ता के साथ सभी विकास कार्य पूर्ण कराने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नागरिकों की सुविधा एवं शहर की सुंदरता में वृद्धि के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा रिवर फ्रंट योजना के तहत कटाएघाट, मोहन घाट और मसुरहाघाट में विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत नदी तट का समुचित विकास एवं सौंदर्यीकरण कर नागरिकों को मनोरंजन, स्वास्थ्य लाभ और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शुक्रवार शाम कटाएघाट पहुंचकर नदी के किनारे रिवर फ्रंट योजना के तहत 6 करोड़ रुपए की लागत से कराए जा रहे पिचिंग, वॉल निर्माण, पाथवे, ग्रीनरी, लाइटिंग, ड्रेन एवं विभिन्न सौंदर्यीकरण कार्यों का औचक निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों को तय समय-सीमा में मानक गुणवत्ता के साथ सभी कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व श्री सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी , श्रीमती बीना बैनर्जी, सहायक यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री अश्वनी पांडेय सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदारों की मौजूदगी रही।

### भगवान शिव की प्रतिमा करें स्थापित

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा कटाएघाट नदी किनारे संपूर्ण निर्माण स्थलों का पैदल चलकर बारीकी से निर्माण कार्यों का जायजा लेकर नागरिकों की सुविधा हेतु घाट निर्माण का शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान कटाएघाट नदी के बीचों बीच स्थित पुरानी चट्टान पर भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही मार्ग के बाएं तरफ मंदिर पहुंच मार्ग की ओर पूर्व निर्मित पुराने लंबे चबूतरे पर सौंदर्यीकरण की दृष्टि से रैंप, प्रकाश व्यवस्था एवं पुरानी चट्टानों पर प्राकृतिक झरने का निर्माण कार्य कराकर उक्त स्थल को भी विकसित करने के निर्देश दिए।

### रेलिंग लगाकर करे विकसित

महापौर श्रीमती सूरी ने श्री राम जानकी मंदिर के सामने स्थित चबूतरे के चारों ओर रेलिंग लगाकर स्थल को विकसित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

### ग्रीनरी एरिया का निरीक्षण

महापौर श्रीमति सूरी ने सुलभ के बाजू वाले रिक्त स्थल पर विकसित कराए गए ग्रीनरी एरिया का जायजा लेकर संतोष व्यक्त किया तथा यहां आने वाले नागरिकों की बैठक व्यवस्था हेतु आधुनिक बेंच स्थापित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने स्थल पर कराए जा रहे सेल्फ़ी पॉइंट निर्माण, पेवरब्लॉक फ्लोरिंग कार्य, पिचिंग कार्य, वाल निर्माण, मार्ग के किनारे निर्मित क्यारी आदि कार्यों का जायजा लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं, ताकि नागरिक जल्द से जल्द इस योजना का लाभ उठा सकें।

### पर्यटन गतिविधियों को मिलेगा प्रोत्साहन

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि इस योजना के पूर्ण होने पर शहर के नागरिकों को जहां स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिलेगा वहीं नदी तट पर पर्यटन गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### सुरम्य पार्क का किया निरीक्षण

महापौर श्रीमती सूरी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सुरम्य पार्क पहुंचकर वहां की विभिन्न व्यवस्थाओं का भी औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्विमिंग पूल पहुंचकर वहा तैराकी सीख रहे बरगवां निवासी बालक अथर्व,मन्नत के अभिभावकों से बच्चों को तैराकी सिखाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। वहीं बोटिंग स्थल के निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी द्वारा गणेश चौक निवासी कुमारी शिवानी तिवारी एवं उनके परिवार जनो से आत्मीय संवाद कर पार्क की व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली जाकर व्यवस्थाओं में ओर अधिक सुधार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए गए।

# खेल महोत्सवः गांव से लेकर लोकसभा स्तर तक होंगे खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज खजुराहो संसदीय क्षेत्र के विधायकों, जिला अध्यक्षो और जनप्रनिधियों की वर्चुअल बैठक की। बैठक में सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सांसद खेल महोत्सव 2025 की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की।

इस अवसर पर सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर हर संसदीय क्षेत्र में व्यापक स्तर पर खेलो का आयोजन किया जाएगा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पोर्टल लांच किया गया है और 25 दिसम्बर पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की जयंती पर इसका समापन होगा समापन पर प्रधानमंत्री मोदी हर संसदीय क्षेत्र के प्रतिभागियों से सीधे जुडेंगे।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि ग्रामीण स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तर अलग अलग खेलों का आयोजन किया जाएगा। खेल महोत्सव में ग्रामीण और स्थानीय खेलों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगो के खेल और शारीरिक फिटनेस के बढावा देने के खेल महोत्वस करने का निर्देश दिया है। इस वर्ष खेल महोत्सव की थीम एक घंटा खेल मैदान में है। विष्णुदत्त शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वो अपने क्षेत्र में नीचे तक जाए और खेल के प्रति जागरूकता फैलाए। युवाओं के इस खेल महोत्सव से जोडे। इस अवसर पर कटनी से जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन, विधायकगण संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडेय, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, खेल महोत्सव संयोजक समिति सहसंयोजक सुनील उपाध्याय वर्चुअल बैठक में शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### दमोह को मिले दो प्रांतीय पदाधिकारी

**दमोह** । प्रांतीय अध्यक्ष साबिर खान ने दमोह जिले से प्रांतीय कार्यकारिणी में नियाज अली को प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाया एवं फरीद खान प्रांतीय सचिव पद पर नियुक्ति की हैं। जिला शाखा अध्यक्ष विजय शर्मा एवं तुलसीराम रैकवार, अशोक रैकवार, मिर्जा वॉइस, जावेद खान, जाहिद खान, अशोक अहिरवार, रामसेवक उपाध्याय एवं समस्त वाहन चालक यांत्रिक साथियों की ओर से बहुत-बहुत हार्दिक बधाई। प्रांतीय अध्यक्ष साबिर खान का आभार जिन्होंने दमोह जिले को दो प्रांतीय पदाधिकारी दिए।

### थाना प्रभारी ने किया नदी घाट का निरीक्षण

**अमानगंज**। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री ने शनिवार को नगर स्थित नदी घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा विसर्जन की तैयारियों का जायजा लिया और विसर्जन के लिए हाइड्रा कि भी व्यवस्था की जाएगी।

### उपकाशी में श्री गणेशोत्सव की धूम

# माता लक्ष्मी और सरस्वती के साथ विराजे विघ्नहर्ता






हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विगत बुधवार से गणपति बप्पा की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ 10 दिवसीय गणेशोत्सव की धूम मचना शुरू हो गई है। उपकाशी नगरी में दर्जनों स्थानों पर विराजे विघ्नहर्ता मंगल मूर्ति की प्रातः शाम को पूजन आरती के साथ गणेश भक्तों की दर्शन करने भीड़ लगना शुरू हो जाती है। मां चंडी जी चौराहा पर गणेश उत्सव के पंडाल में विघ्नहर्ता के साथ माता लक्ष्मी और शिक्षा की देवी माता सरस्वती की ग्यारह फीट की प्रतिमा को विराजमान किया गया है। जिसे देखने रोज भक्त पहुंच रहे है। समिति के सदस्य रितेश अग्रवाल ने बताया कि विगत कई वर्षो से लगातार गणेशोत्सव समिति शहर वासियों को स्थिर और चलित झांकियों के माध्यम से जागरूकता का कार्य समाज में कर रही है। इसके अलावा बालाजी मंदिर, रामगोपाल जी वार्ड सेन मंदिर हनुमान जी मढ़िया के पास, आजाद वार्ड पिपलेश्वर महादेव के पास श्री गणेश प्रतिमाएं विराजी इसके अलावा नगर में कई जगह श्री गणेश की झांकी गणेशजी के भक्तों में आकर्षण का केन्द्र बने हुए है।

इसी तरह नगर हो या ग्रामीण क्षेत्रों में घरों घर प्रथम पूज्य गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित कर बच्चों द्वारा परिवार के साथ पूजन आरती की जा रही है।पिछले एक दशक में सार्वजनिक स्थानों पर गणेश प्रतिमा स्थापित कर गणेशोत्सव मनाए जाने के साथ घरों घर प्रतिमाएं स्थापित करने का चलन बढ़ता ही जा रहा है। प्रत्येक सनातनी परिवार बुद्धि के दाता, विघ्नहर्ता, मंगलमूर्ति गणपति बप्पा की सेवा पूजन, आराधना कर सुख शांति समृद्धि की कामना करता नजर आ रहा है।

### युवाओं, बच्चों में उत्साह-

भगवान गणेश की पूजन उन्हें प्रसन्न करने और गणेशोत्सव मनाने के प्रति सबसे अधिक युवाओं, बच्चों में उत्साह उमंग का माहौल बना हुआ है। प्रायवेट शिक्षण संस्थाओं में भी श्री गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कर उन्हें सनातन संस्कृति और बुद्धि के देवता श्री गणेश से जोडने का प्रयास किया जा रहा है।

## लंबी उम्र के लिए किया संतान सप्तमी का व्रत



**तेंदूखेड़ा**। शनिवार को नगर एवं क्षेत्र में संतान सप्तमी का व्रत रखकर महिलाओं द्वारा पूजन अर्चन किया गया त्योहार में संतान सप्तमी को एक जरूरी व्रत माना जाता है। इसे हर मां नए संतान प्राप्ति के लिए, उसकी तरक्की और उसकी लंबी उम्र के लिए करती हैं। इस व्रत को हर वर्ष भाद्रपद महीने की शुक्लपक्ष के सप्तमी तिथि के दिन किया जाता है। संतान सप्तमी के दिन भगवान सूर्य और शंकर-पार्वती की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन का व्रत करने से संतान की प्राप्ति होती है, संतान दीर्घायु होती हैं और उनके सभी दुखों का नाश होता है। इस संबंध में पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि संतान सप्तमी व्रत संतान सुख प्रदान करने वाला व्रत है। इस व्रत से संतान को आरोग्य और दीघायु की प्राप्ति होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने एक बार पांडु पुत्र युधिष्ठिर को भाद्र मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के महत्व को बताते हुए कहा था कि इस दिन व्रत करके सूर्य देव और लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से संतान की प्राप्ति होती है। भगवान ने बताया कि इनकी माता देवकी के पुत्रों को कंस जन्म लेते ही मार देता था। लोमश ऋषि ने माता देवकी को तब संतान सप्तमी व्रत के बारे में बताया। माता ने इस व्रत को रखा और लोमश ऋषि के बताए विधान के अनुसार माता ने इस व्रत के नियम का पालन किया इससे मेरा जन्म हुआ और मैंने कंस के अत्याचार से धरती को मुक्ति दिलाई।

## गणेश उत्सव सहित सभी त्यौहार को लेकर हुई शांति समिति की बैठक




**तेंदूखेड़ा**। नगर के थाना परिसर में शाम पांच बजे से गणेश उत्सव, पर्यूषण पर्व एवं ईद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार विवेक व्यास, थाना प्रभारी नीतेश जैन एवं नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ने समस्त त्यौहारो को लेकर शासन के सभी नियमो के तहत काम करने के लिए, कहा गया। जिसमें लोगो ने कहा कि 05 सितंबर को ईद 06 सितम्बर को गणेश विसर्जन एवं 7 तारीख को पर्यूषण पर शोभा यात्रा जुलुस है। । इसके अलावा थाना प्रभारी ने गणेष विसर्जन जहां किए जाएगे वहां पर पर्याप्त बिजली की व्यवस्था, नगर में सफाई, पंडालो की सुरक्षा व्यवस्था सहित अनेक विषयो पर चर्चा की गई। इसके अलावा पर्युषण में भगवान श्री जी शोभा यात्रा एवं ईद में जुलुस के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, मूरत सिंह ठाकुर डॉक्टर परम सिंह, रमेष तिवारी,रामकुमार साहू मंडल अध्यक्ष संत कुमार पाल अरविंद कुमार मोदी सजय जैन, ओमकार मिश्रा अनिल पाराशर, गुट्टी ठाकुर,गजराज यादव, विवेक जैन, संजय जैन पारसमणि, लखन यादव, सोनू खान,फिरोज खान तिलक अहिरवार गोविन्द ठाकुर, पीताम्बर साहू, सहित दर्जनो लोग मोजूद रहे।

## पेंशनर्स समाज की जिला बैठक सम्पन्न

**दमोह**। मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज जिला दमोह की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का प्रारंभ हटा अध्यक्ष रूप सिंह राजपूत द्वारा शंख नाद कर किया गया। बैठक में प्रांतीय निकाय के आवाहन पर पेंशनरों के प्रति निरंतर शासन द्वारा लगातार उपेक्षा किए जाने ,समय पर महंगाई राहत न देने यहां तक कि जिन मुद्दों पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भी निर्णय हो चुके है उसका सभी को लाभ न देने,जिला स्तर पर पेंशन कार्यालयों की बंद करने आदि विभिन्न मुद्दों के अलावा जिला स्तर के मुद्दों में जैसे कलेक्टर महोदय द्वारा शासनादेशों के बाबजूद पेंशन संघों की मीटिंग न बुलाने,जो मीटिंग हो चुकी है उसकी कार्यवाही विवरण जारी न होने ,लिए निर्णयों का पालन न होने,जिला प्रमुखों द्वारा सेवा निवृति के तीन माह पूर्व पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय न भेजे जाने,जिनके पीपीओ जारी हो चुके है उनका भुगतान समय पर न होने,30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवा निवृत होने बालों को एक वेतन वृद्धि के प्रकरणों को शासन के स्पष्ट निर्देश हो जाने के बाबजूद रोके रखने , उनके पुनरीक्षित पीपीओ जारी न होने, जिन शासकीय कर्मचारियों के किन्हीं कारणों से सेवा निवृति के बाद पीपीओ जारी नही हो पाए है उन्हें एंटीसिपेटरी / अंनतिम पेंशन स्वीकृत न किए जाने एवं पीपीओ वितरण में पेंशन संघों को न बुलाने आदि विभिन्न मुद्दों पर मध्य प्रदेश पेंशनर्स समाज द्वारा अन्य पेंशन संघों ,कर्मचारी संघों का भी सहयोग प्राप्त कर एक चरण बद्ध आंदोलन का निर्णय लिया है। जिसके प्रथम चरण में दिनांक 31 अगस्त को सभी जिला एवं तहसील दमोह के सभी पेंशनर जिला कलेक्ट्रेट संयुक्त भवन पर दोपहर ढाई बजे एकत्र हो कर एवं अन्य तहसीले उनके मुख्यालय में उनके निर्णय अनुसार स्थान, समय तय कर ,प्रथम चरण में शंख,सीटी,डमरू आदि बजा कर शासन का ध्यान आकर्षक करेंगे। इसके बाद आगामी चरणों में प्रांतीय ,जिला के निर्णय अनुसार काली पट्टी,रैली,जागरूकता रथ, धरना,अनशन,विधान सभा का घेराव ,गिरफ्तारी आदि किए जाने का कार्यक्रम तय किया जाएगा। बैठक में स्वामी अशोक तिवारी संरक्षक ,आर के मिश्रा जिला अध्यक्ष,एम एल सरैया कार्यवाहक अध्यक्ष , ललित चौबे महामंत्री,पी एन अहिरवार कोषाध्यक्ष, एस डी प्रधान,के सी जैन विद्युत मंडल से , नन्हे भाई पटेल तहसील अध्यक्ष दमोह, ईश्वर चौरसिया तहसील अध्यक्ष बटियागढ़, के एल अहीरवार पथरिया तहसील अध्यक्ष , रूप सिंह राजपूत तहसील अध्यक्ष हटा आदि पेंशनर साथी उपस्थित रहे। रूप सिंह तहसील अध्यक्ष हटा द्वारा समाज कार्य में पेंशनरों का भी योगदान करने का आवाहन कर पर्यावरण ,स्वदेशी ,समाज के व्याप्त विकृत मानसिकता को दूर करने की भी अपनी जिम्मेवारी से अवगत कराते हुए पर उनके द्वारा स्वदेशी पर हटा तहसील द्वारा जब भी जहां भी बुलाए जाने पर प्रदर्शनी आदि लगाने की जानकारी दी गई। अंत में पेंशनर्स समाज के जिला अध्यक्ष आर के मिश्रा द्वारा सभी पेंशनरों ,कर्मचारी संघों से अपने संघ आदि से ऊपर उठ के प्रथम चरण में जिला तहसीलों में एवं आगे के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर सफल बनाने की अपील कर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम 1 सितंबर को आयोजित होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की विचारधारा से प्रेरित राज्य शासन ने संपूर्ण प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन करने की निर्देश दिए हैं उक्त आदेश में स्पष्ट है कि शैक्षणिक गुणवत्ता, उत्कृष्ट परिणाम, अनुशासन, पर्यावरण एवं स्वच्छता, चरित्र निर्माण, सेवा समर्पण, संस्कार तथा भेदभाव रहित वातावरण निर्मित करने की दृष्टि से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 सितंबर 2025 को प्रत्येक विद्यालय में आयोजित होगा। हमारा स्वाभिमान के विचार एवं भाव को लेकर शिक्षक एवं छात्र एक साथ संकल्प लेंगे। संकल्प पत्र का वचन प्रार्थना के समय आधा घंटे की अवधि में किया जाएगा। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष प्रर्मेंद्र जैन ने कहा कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ छात्रों एवं शिक्षकों के मन में विद्यालय के प्रति समर्पण,बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पित रहा है।इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य 'विद्यालय राष्ट्र निर्माण का आधार है की कल्पना को साकार करेगा। सम्पूर्ण सागर संभाग मे संभाग प्रभारी प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र जैन के निर्देश अनुसार आयोजित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार सेन ने कहा कि हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत दमोह जिले के प्रत्येक विद्यालय में इस आयोजन की तैयारी चल रही है। दमोह जिले के प्रत्येक विकास खंड अध्यक्ष नितेश पाठक, अरविंद पटेल, अमित जैन, संदीप सोनी, अशोक साहू, जितेंद्र बागवार, महेश विश्वकर्मा, आर बी सिंह तथा जिला संयोजक नितिन श्रीवास्तव एवं सहसंयोजक महेश गुप्ता, मनीष भारद्वाज, देवी लाल पटेल के द्वारा इस आयोजन के संकल्प पत्र का वितरण प्रत्येक विद्यालय में किया जा रहा है। संपूर्ण जिले में उक्त आयोजन उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा।

### मुख्य मार्ग पर राहगीर के अंदर भय अब किसानों के खेतों में लगी फसल कर रहे नष्ट

# सड़कों और खेतों में बंदरों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



तेंदूखेड़ा ब्लाक के रहवासी क्षेत्रों में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बंदरों की बड़ी संख्या लोगो के लिए मुसीबत बनी हुई हैं आज भी कई लो इन बंदरों के कारण मुख्य मार्ग पर गिरकर घायल हो रहे है नगर तेंदूखेड़ा में बंदरों के आतंक से बच्चे भय में जी रहे है और अब ग्रामों के किसान इनके आतंक से परेशान हो रहे है। ताजा मामला ग्राम धनगौर से आया है यह बंदर अचानक बड़ी संख्या में आ गये है और किसानों की फसलों को नुक्सान पहुंचता रहे है किसानों ने बताया मक्का की फसल में बंदर आतंक मचाए है झुंड में आते है और फसल खाकर लगे इधर उधर उझला करते है जिससे फसल को काफी नुक्सान होने लगा है। बंदरों का आतंक इतना है कि एक दो व्यक्ति यदि इनको भगाने का प्रयास करता है तो बंदर उन्हीं पर हमला करने दौड़ जाते है।

### ये बोले किसान

किसान जाहर ठाकुर संतोष पाल ने बताया किसानों ने खेतों में मक्के की फसल बोई है। उनमें बीज आ गया है। मगर बंदर उसको नष्ट करने में लगे है बड़ी संख्या में झुंड में बंदर खेतों में आ जाते है और लगे भूनटे तोड़कर खाते है और उसके बाद उनको इधर उधर फेक देते है यह एक दो बार नहीं बल्कि कई बार हो चुका है धनगौर और आसपास के ग्राम के यही समस्या बनी है।

विनोद पाल मनीष पाल ने बताया किसान और उसका पूरा परिवार फसल पर निर्भर है फसल ही उसकी आय का साधन है। परंतु इस वर्ष बंदरों को फसलों में लगी मक्के की फसल दिख गई। अब वह आये दिन उसको खाने के लिए खेतों में आ जाते है अभी तक मक्के की फसल बढ़ी संख्या में बंदरों के दुबारा नष्ट की जा चुकी हैं शासन प्रशासन से अपील है कोई ऐसा निराकरण करे जिससे बंदरों से हमलोगो को सुरक्षा मिल सके। दर्जन किसान हुऐ प्रभावित

भोपाठा सुरगवा के किसानों की खेतों धनगौर हार में है पुष्पेंद्र पॉल ने किसानों की सहमति से एक वीडियो सोशलमीडिया में भेजा है और बताया है जंगली क्षेत्र से एक साथ सैकड़ों की संख्या में बंदर खेतों में आते है और फसलों को बड़ी संख्या में नुकसान पहुंचा रहे है। परसादी ठाकुर हल्लेभाई ठाकुर ने बताया भोपाठा सुरगवा के लगभग दो दर्जन किसानों के खेतों में बंदरों से तबाही मचा रखी है। यदि किसी किसान के पास चार एकड़ खेती है और उसमें फसल लगी है तो दो एकड़ खेती को बंदरों ने नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा है बंदर इतनी बड़ी संख्या में आते हैं कि किसान उनके साथ कुछ नहीं कर पाते यदि उनको भगाने जाते है तो किसानों पर हमला करने लगते है।

**अंकुश नहीं लगा तो होगी परेशानी**

तेंदूखेड़ा ब्लाक में बंदरों का दमोह मार्ग पर पाजी सागा के बड़ी संख्या में जमडखा बना रहता है इसी तरह तेंदूखेड़ा झलोन मार्ग पर भी बंदर बड़ी संख्या में है। सुबह से शाम तक बंदर मुख्य मार्गो पर बैठे रहते है। कभी कभी ये वाहनों के सामने खड़े हो जाते है। धीरे धीरे नगर की और भी इसका आना शुरू हो गया है। मगर फसलों को नुक्सान पहुंचाने की बात पहली बार सामने आई है। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र इनपर अंकुश नहीं लगाया

## पौधारोपण अभियान की वन मंडल अधिकारी ने की सराहना



बनवार। श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में गणेश महोत्सव के साथ चल रहे पौधारोपण अभियान में शनिवार को दमोह जिले के वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे (डीएफओ) एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रम चौधरी पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजन किया, जिसके बाद मंदिर परिसर में उनका तिलक कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत वे गोवर्धन पर्वत पहुंचे, जहां उन्होंने पर्वत पर विराजमान भगवान श्री गणेश जी के दर्शन किए और पर्वत व सरोवर किनारे आम, बरगद और कदम के पौधे रोपे। इस दौरान उन्होंने श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल द्वारा संचालित इस पौधारोपण अभियान की जमकर सराहना की। डीएफओ जरांडे ने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम है। आने वाले समय में वन विभाग द्वारा यहां पौधारोपण, तार फेंसिंग और तालाब निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र को और विकसित किया जा सकेगा। इस अवसर पर श्री जागेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक रामकृपाल पाठक, और अभियान से जुड़े युवा राम शंकर गौतम, चंदन ठाकुर, शिवम पाठक और अनिल आदिवासी उपस्थित रहे।

## अग्रसेन जयंती पर पौधारोपण एवं सम्मान समारोह



**दमोह**। अग्रवाल महिला मिलन समिति दमोह द्वारा पिछले दो वर्षों से लगातार बंजर भूमि को अग्रसेन वाटिका के रूप में हरा-भरा बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 22 सितंबर को होने वाली अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में आज विशेष पौधारोपण अग्रसेन वाटिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज अध्यक्ष राकेश पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर उपाध्यक्ष राजबहादुर सचिव विजय अग्रवाल कोषाध्यक्ष अनिल, कार्यकारिणी समिति से किशोरी, संदीप, पवन, के.सी., विकास, जयकुमार, बृजेश, ऋषभ, विराज के साथ महिला मिलन अध्यक्ष संगीता महिला मिलन पूर्व अध्यक्ष अनीता, पूर्व अध्यक्ष प्रमिला पूर्व अध्यक्ष कुसुम, पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा, उपाध्यक्ष सीमा सचिव बीणा, सहसचिव रचना, मीडिया प्रभारी सपना ,सांस्कृतिक सचिव रशमी, कोषाध्यक्ष सपना, के साथ शीला पसारी, अंजलि माधुरी, शशि गर्ग, शैली, सीतारानी, मृदुला, सरोज, अर्चना, लता, प्रतीक्षा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर अनेक परिवारों ने श्रद्धा और उत्साह से जय अग्रसेन के जयकारे के साथ पौधे रोपित किए। स्व. आशा की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र विकास व विराज ने पौधरोपण कर श्रद्धांजलि दी। अभ्युदय के जन्म उपलक्ष्य में उनकी नानी माधुरी जी ने पौधा रोपित किया। बृजेश की ओर से पौधा लगाया गया। डॉ. जे.पी. पसारी की धर्मपत्नी डॉ. शीला पसारी, शाशी गर्ग, रचना अनीता ने पौधे रोपित किए। ऋषभ ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर सहयोग किया। महिला मिलन की बहनों के सहयोग से यह बंजर भूमि आज हरी-भरी वाटिका का रूप ले रही है। पौधों के संरक्षण हेतु महिलाओं ने स्वयं के खर्च से तार फेंसिंग कराई है, जिससे पौधों का सुरक्षित रखरखाव संभव हुआ। इनमें विशेष सहयोग देने वालों में अनीता के.सी. अग्रवाल, कुसुम दीदी, जीवनलाल, संगीता अग्रवाल, संजय, बीणा किशोरी लाल, पूजा पुरुषोत्तम, सुनीता अनिल अग्रवाल, (श्रीमती) शीला पसारी डाक्टर जे.पी.पसारी के नाम प्रमुख हैं। कार्यक्रम में सभी उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि आने वाले समय में यह वाटिका न केवल हरियाली का प्रतीक बनेगी, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा स्थल भी बनेगी।

## मक्का मदीना के लिए दंपत्ति रवाना



**तेंदूखेड़ा**। तेंदूखेड़ा से उमरा करने मक्का मदीना जा रहे हैं शेख मुनीर मुन्ना भाईजान पत्नि जुलैखा बी को लोगों ने उनके घर से शहर के बाहर स्थित मावला मझार तक विदा किया। मझार पर जाकर फतह खानी ओर सलाम पड़ा गया। साथी ही अमन शांति की दुआ कीजिए। मुस्लिम समाज के लोगों ने भी उमरा पर जा रहे शेख मुनीर और उनकी पत्नी जुलैखा बी साथ खैरियत से उमरा करने की दुआ की इस मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कच्ची हंडी काठ की चढ़े न दूजी बार- बाल ब्रम्ह.बसंत जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा




नगर में वर्षावास हेतु विराजमान इतिहास रत्नाकर बाल ब्रम्ह. बसंत जी महाराज ने पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म पर तारण भवन में धर्मसभा को सम्बोधित किया,उन्होंने कहा कि- सच्चा जिन वही है जो जिनवाणी माँ में अटल श्रद्धान रखता हैं। छल कपट करना विश्वास घाट करना माया कषाय का लक्षण है। मन वचन काय की कुटिल परिणति को मायचार कहते है। कपट के तट झट खुलते है।माया बाहर से स्वच्छ,अंदर से काली रहती है।धन के लिये छल- बल का प्रयोग सरलता को नष्ट करते है।मायावी का कोई अपना नही होता वह सभी को संदेह की दृष्टि से देखता है।मायावी जीव धोखाधड़ी से कभी किसी को ठग सकता है,हर किसी को नहीं ठग सकता है।काठ की हांडी कच्ची होती है और एक बार ही चढ़ती है।लौकिक कार्यो की सिद्धि मायचार से नही बल्कि पूर्व पुण्य के उदय से होती हैं।कपटी व्यक्ति ह्रदय से क्रूर परिणामी होता है,पर वाणी से मधुर बोलता है। रामचरित मानस में कहा है-निर्मल जन मन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा। इसका मतलब है जो व्यक्ति मायाचार छल कपट से रहित होता है,ऐसे निर्मल मन वाला ही परमात्मा को प्राप्त करता है।भगवान महावीर स्वामी ने कहा था कि- छल कपट से रहित ह्रदय ही सम्यग्दर्शन को प्राप्त करने का अधिकारी है। तारण गुरु वसंत मण्डल के सक्रिय सदस्य सिद्धम जैन और पचंदीप्ति बालिका मण्डल से बहिन स्वाति जैन ने बताया कि- प्रतिदिन प्रातः काल मे मंत्रजप और मंदिर विधि का क्रम बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ सभी धर्मप्रेमी माताओं,बहिनों और पुरुष वर्ग,बच्चो,युवा वर्ग द्वारा की जाती है,साथ ही सुबह मंदिर विधि के समय और रात्रि में रूपेश जैन भोपाल द्वारा भजनों के माध्यम से तारण स्वामी और जैन भजनों पर आधारित गुरुभक्ति और संगीतमय अपने कंठ की सुरमय आवाज से सभी को बांध लेते है,जिसमे सभी बच्चे, माताएं,बहिनें और युवा वर्ग,बड़े, बुजुर्ग सभी नृत्य करते हुये भक्तिभाव से जिनवाणी माँ की आराधना वंदना करते है। साथ ही प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमो के माध्यम से रोचक प्रतियोगिता भी आयोजित हो रही है,जो सार्थक सन्देश दे रही है।

# किराए के लाइसेंस पर चल रहे मेडिकल स्टोर, नहीं है फार्मासिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर सहित क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक संचालित होने के साथ साथ किराए के लाइसेंस पर मेडीकल स्टोर भी संचालित हो रहे है। अधिकांश मेडीकल स्टोर किराए के लाइसेंस पर चलते है और उनके पास कोई फार्मासिस्ट भी नहीं है। लेकिन धडल्ले से दवाईंयां बेची जा रही है।ड्रग इंस्पेक्टर इन कतिपय मेडीकल संचालकों पर मेहरबान है उनका फीलगुड हर माह ऐसे मेडीकल संचालकों से होता है। जिससे किसी की जांच नहीं होती है यहां तक देखा जा रहा है। कुछ नाबालिग बच्चे भी बच्चे मेडीकल स्टोरों पर पूरे दिन दवाई बेचने का काम करतें है जबकि यह नाबालिग बच्चे मुश्किल से आठवीं या दसवीं पास होते है। फिर भी डॉक्टर द्वारा लिखे पर्चों पर धडल्ले से मरीजों को दवाईंयां दे रहें है। वैसे भी शहर में गली गली में मेडीकल स्टोर खुले हुए है। कुछ प्रतिष्ठित मेडीकल स्टोर को छोड़कर सभी मेडीकल स्टोर किराए के लाइसेंस पर संचालित हो रहें है जिन लोगों ने फार्मासिस्ट की डिग्री प्राप्त कर रखी है और मेडीकल खोलने का लाइसेंस प्राप्त कर रखा है। उन लोगों द्वारा अपना मेडीकल लाइसेंस 50 हजार से लेकर 1 लाख रूपए सालाना में किराए पर दे दिया गया है। यदि प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं ड्रग इंस्पेक्टर के माध्यम से हटा व क्षेत्र में संचालित मेडीकल स्टोरों की जांच कराई जाए, तो किराए के लाइसेंस पर चल रहें मेडीकल स्टोरों का खुलासा हो जाएगा। लेकिन जांच कौन करे, यदि जांच की जाएगी तो हर माह का फीलगुड बंद हो जाएगा। ऐसा नहीं है कि ड्रग इंस्पेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी नहीं है। उन्हें सब पता है कि कौन मेडीकल स्टोर किराए के लाइसेंस पर चल रहा और कौन मेडीकल स्टोर फार्मासिस्ट चला रहा है। स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि इनकी भी मजबूरी यह है कि यदि कार्यवाही की जाती है तो हर माह का फीलगुड बंद हो जाएगा कई मेडीकल स्टोर शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों को पूरा भी नही कर रहें है। क्योंकि उनके पास प्रर्याप्त जगह मेडीकल स्टोर खोलने के लिए नहीं है फिर भी ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा निरीक्षण करने के बाद उन्हें लाइसेंस देने के लिए हरी झंडी दे दी जाती है। ऐसा खेल लम्बे समय से चल रहा है नाबालिगों के माध्यम से मेडीकल स्टोर में दवाई बिकवाना खतरे से खाली नही है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए है।

### नशीली दवाओं से होती लाखों की कमाई-

शासन द्वारा खासकर स्वास्थ्य विभाग ने कुछ दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध के बाद इन दवाओं को मेडीकल स्टोरों पर नहीं बिकना चाहिए लेकिन युवा पीढी को नशे की ओर धकेलने और अवैध कमाई के चक्कर में कई मेडीकल स्टोरों में नशीली दवाएं बिक रही है। जिसका उपयोग युवा पीढी के लोग नशे के लिए कर रहें है पुलिस द्वारा नशे से दूरी अभियान चलाया जा रहा है लेकिन कतिपय मेडीकल संचालक पुलिस के इस अभियान को धता बता रहें है और युवाओं को खुलेआम दुगनी कीमत पर नशीली और प्रतिबंधित दवाएं बेच रहे है।ऐसे में मेडीकल स्टोर संचालकों की लाखों की कमाई हो रही है और युवा पीढी बर्बादी की कगार पर पहुंच रही है।

# जंगल की कुटिया में महिला ने लगाई फांसी, पति से झगड़े के बाद घर से निकली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

जिले के सिंग्रामपुर चौकी क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक महिला ने जंगल में खेतिहर भूमि पर बनी कुटिया में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, धनेटा रोड पर जंगल के बीच स्थित एक खेत में बनी कुटिया में करीब रात एक बजे महिला का शव फंदे पर लटका मिला। कोटवार ने तुरंत सिग्रामपुर पुलिस चौकी को सूचना दी, जिसके बाद चौकी प्रभारी राजीव पुरोहित टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शव गृह में सुरक्षित रखवाया। पुलिस ने शिनाख्त के लिए मृतका की तस्वीर सोशल मीडिया और थानों में सर्कुलेट कराई। शनिवार दोपहर करीब 1:30 बजे पास के गांव के रिश्तेदारों ने महिला की पहचान सुनीता बाई (पति छोटेलाल अहीरवार), उम्र 34 वर्ष, निवासी पड़रिया कटंगी के रूप में की। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि घटना वाले दिन महिला का अपने पति से विवाद हुआ था, जिसके बाद वह घर से निकल गई थी। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार को मृतका को गुबरा और सिग्रामपुर क्षेत्र में घूमते हुए देखा गया था। इससे यह सवाल उठ रहा है कि महिला अपने गांव से करीब 10 से 12 किलोमीटर दूर स्थित उस कुटिया तक कैसे पहुंची।

पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। चौकी प्रभारी का कहना है कि पीएम रिपोर्ट और मृतका के मायके पक्ष के बयानों के आधार पर आगे की जांच की जा रही है। फिलहाल, मृतका के पति और ससुराल पक्ष की ओर से किसी तरह की आशंका या आरोप नहीं लगाए गए हैं।मृतिका की एक 12 साल का लड़का एवं 10 साल की बच्ची है जिन्हें घर में ही छोड़कर मृतिका घर से निकली थी।

# सिंग्रामपुर में 5 फीट का मगरमच्छ, बछड़े और बकरी को बनाया शिकार



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर क्षेत्र के ककहरा कॉलोनी में रहवासी इलाके के बीच बने तालाब में पिछले कई महीनों से डेरा जमाए पांच फीट लंबे मगरमच्छ ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। मगरमच्छ अब तक गाय के बछड़े और एक बकरी को शिकार बना चुका है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीण गंगाराम रजक ने बताया कि उनकी पांच बकरियों में से एक बकरी पानी पीने गई थी, तभी मगरमच्छ ने हमला कर उसे पानी में खींच लिया। उन्होंने बताया कि यह तालाब कॉलोनी से महज 50 मीटर की दूरी पर है, जहां बच्चे रोज खेलते हैं और लोग निस्तार के लिए पानी का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मगरमच्छ की मौजूदगी की जानकारी महीनों पहले वन विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। हमले के बाद ही वन विभाग ने पिंजरे लगाए हैं, जिससे विभाग की लापरवाही उजागर हो गई है। वन विभाग के रेंजर मनीष पटेल ने बताया कि सूचना मिलने के बाद टीम को मौके पर भेजा गया है और पिंजरा लगाया गया है। मगरमच्छ की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है और ग्रामीणों से तालाब और नदी के पास न जाने की अपील की गई है। जानकारों का कहना है कि सिंगौरगढ़ जलाशय से छोड़े गए मगरमच्छ नदी-नालों के जरिए रहवासी इलाकों तक पहुंच रहे हैं। इससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग अब बच्चों को बाहर खेलने तक नहीं भेज रहे हैं।

# गरीबों के मुंह का निवाला छीन रहे सेल्समेन



**फतेहपुर।** बटियागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेलापुरवा में राशन वितरण में अनियमित्तायें लगातार सामने आ रही है। यहां पर जय मां गायत्री समूह द्वारा राशन दुकान का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार शासन से तीन माह का राशन वितरण किया जाना था जबकि दो माह का राशन वितरण किया गया है और एक माह का राशन सेल्समेन द्वारा गबन कर लिया गया। सेल्समेन यशोदा बाई इंदर सिंह जो कि अपनी मनमर्जी से अपने घर से राशन वितरण करते हैं जबकि राशन गोदाम बेला में मौजूद है। ग्रामीणों एवं सरपंच का आरोप है की एक माह का राशन गबन किया गया है जिसकी शिकायत खाद्यान्न नागरिक आपूर्ति विभाग से की गई थी और कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से पूछताछ कर पंचनामा कायम किया गया था जिसकी जांच आज दिनांक तक नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है की इन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। हम लोगों को एक माह का राशन वितरण किया जाए। शासन से हम लोग आशा करते हैं की हमारी शिकायत की सुनवाई करते हुये न्याय दिलाया जाये ।

## सप्ताह में दो बार आई.एफ.ए. का 1 एम.एल. सीरप अवश्य पिलायें

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया छोटे बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास में एनीमिया बड़ी बाधा है। समय पर पहचान और रोकथाम से बच्चों को स्वस्थ बनाया जा सकता है। दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास का समन्वित दल द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों में 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को एनीमिया से बचाव हेतु विशेष सेवायें दी जा रही हैं। उन्हें आयरन सीरप पिलाया जा रहा है। एनीमिया से बचाव के उपाय भी बताये जा रहे है। गंभीर एनीमिक बच्चों को समीपवर्ती उच्च स्वास्थ्य संस्था में रेफर कर आवश्यकतानुसार ब्लड आपूर्ति भी कराई जा रही है। सीएमएचओ डॉ. अठया ने बताया जिले में 764 ग्रामों के 71402 बच्चों की स्वास्थ्य जांच में 47 प्रतिशत बच्चों में एनीमिया के प्रारंभिक लक्षण पाये गये।

## रक्षा ताइक्वांडो प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



**दमोह।** सेंट जॉन्स हायर सेकेंडरी स्कूल में 28 से 30 अगस्त तक तीन दिवसीय 'रक्षा ताइक्वांडो प्रशिक्षण कार्यशाला' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बच्चों को आत्मरक्षा के गुर प्रशिक्षक मनीष सिंह द्वारा सिखाए गए। कार्यक्रम का समापन 30 अगस्त को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पटेरा थाना प्रभारी (टी.आई.) श्रीमती सरोज ठाकुर तथा महिला थाना (एस.आई.) श्रीमती प्रियंका पटेल उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को आत्मरक्षा का महत्व समझाया और विशेष रूप से बालिकाओं को कानून, उनके अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने यह भी अवगत कराया कि अब आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता के लिए पहले की तरह डायल 100 के स्थान पर डायल 112 नंबर का उपयोग किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन एवं उपस्थित अभिभावकों ने इस कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण बच्चों को आत्मविश्वासी और सजग बनाते हैं।

# अखिल भारतीय कर्मकांड परिषद के जिलाध्यक्ष मिले छोटे सरकार से



**दमोह।** अखिल भारतीय कर्मकांड परिषद के जिलाध्यक्ष पं.हरिशंकर पांडे ने किया हटा विधानसभा का दौरा जिसमे बनगांव की टीम ने शुभम खंपरिया के साथ जिलाध्यक्ष का किया स्वागत, हटा पहुंचने पर समर्थको ने तहसील के सामने काफिले को रोककर स्वागत किया सम्मान फिर पहुंचे श्रीअजब धाम, जै,जै के दर्शन कर छोटे सरकार से विभिन्न विषयों पर चर्चा हुए आशीर्वाद लेकर हटा के वरिष्ठ पुरोहित शशि दुबे का हालचाल जाना प्रमुख रूप से दमोह नगर आचार्य पं. मुरलीधर शास्त्री, पं.विशेष तिवारी, पं.शुभम खंपरिया, पं.राहुल शास्त्री ,पं.पंकज पांडेय, पं.केशव पांडे, पं.अवध बिहारी तिवारी, पं.अयोध्या प्रसाद विदुआ, पं.अतुल शास्त्री, पं.कृष्णा पांडे, पंडित रिंकू अवस्थी,मनोज सेन, आदि कि उपस्थिति रही।

# बांदकपुर में गणेश प्रतिमा हटाने पर बवाल, प्रशासन पर उठे गंभीर सवाल



**बनवार/दमोह।** जिले के बांदकपुर में गणेश प्रतिमा हटवाने की प्रशासनिक कार्रवाई ने विवाद को और गहरा कर दिया है। प्रशासन का कहना है कि प्रतिमा शासकीय भूमि पर स्थापित की गई थी, जबकि जागेश्वरनाथ जी मंदिर के खानदानी पुजारी परिवार का दावा है कि प्रतिमा उनकी पैतृक निजी भूमि पर स्थापित की गई थी। परिवार का आरोप है कि प्रशासन ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हुए जबरन कार्रवाई की। गणेश चतुर्थी के दिन मंदिर के पुजारी परिवार के मुखिया पंडित श्याम सुंदर नायक ने अपनी पैतृक भूमि पर हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में सार्वजनिक भव्य गणेश प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। यह आयोजन पूरे दिन धार्मिक उत्साह के साथ चला और क्षेत्रभर के भक्तों ने बप्पा के दर्शन किए। लेकिन अगले ही दिन देर रात प्रशासन ने अचानक क्रेन मशीन बुलवाकर प्रतिमा को हटवा दिया, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया और स्थानीय लोग नाराज हो गए। परिवार की सदस्य श्रीमती संध्या नायक ने बताया कि खसरा नंबर 176/2 वर्ष 1984-85 तक उनके परिवार के नाम दर्ज था, लेकिन बाद में बिना किसी सूचना के रिकॉर्ड में बदलाव कर इसे शासकीय भूमि में दर्ज कर दिया गया। उनका कहना है कि यदि भूमि का अधिग्रहण हुआ था, तो मुआवजा मिलना चाहिए था, जो अब तक नहीं मिला। उन्होंने यह भी बताया कि इसी भूमि के एक हिस्से 176/3 को लेकर उनका परिवार सिविल कोर्ट में केस जीत चुका है और दूसरे हिस्से का नाम सुधारने की प्रक्रिया भी जारी है। परिवार का आरोप है कि प्रशासन ने इन सभी तथ्यों को नजरअंदाज करते हुए धार्मिक स्थल पर स्थापित गणेश प्रतिमा को जबरन हटाया। संध्या नायक ने इस मामले में कलेक्टर कार्यालय की शिकायत शाखा में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई पर कई सवाल खड़े होते हैं। गणेश चतुर्थी के दिन हजारों लोगों की मौजूदगी में प्रतिमा की स्थापना के समय किसी ने आपत्ति नहीं जताई, कार्रवाई से पहले कोई नोटिस भी जारी नहीं किया गया और परिवार द्वारा दिखाए गए पैतृक दस्तावेजों को देखने तक की जरूरत प्रशासन ने महसूस नहीं की। साथ ही, अगर यह जमीन वास्तव में शासकीय है, तो अन्य कथित अतिक्रमणकारियों पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उधर, एसडीएम आर. एल. बागरी का कहना है कि संबंधित भूमि सरकारी रिकॉर्ड में वर्तमान की स्तिथि में मध्यप्रदेश शासन के नाम पर दर्ज है और किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बांदकपुर में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो रहे थे, इसलिए यह कार्रवाई की गई है। इस घटना के बाद बांदकपुर में माहौल गरमा गया है। लोग सोशल मीडिया पर प्रशासन की कार्रवाई को धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ बताते हुए विरोध जता रहे हैं, जबकि नायक परिवार ने न्याय न मिलने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# स्वास्थ शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नैगम सामाजिक उत्तरदाईत्व के अंतर्गत मायसेम सीमेंट कंपनी की ओर से दिनांक – 29 अगस्त 2025 को स्वास्थ शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सूखा के मिडिल स्कूल में किया गया। इस अवसर पर सूखा ग्राम व आस पास के २१५ नागरिकों ने निशुल्क स्वास्थय लाभ लिया। इस अवसर पर कंपनी की तरफ से अजय खरे, अलोक किशोर तिवारी, अरविन्द कुमार श्रीवास्तवा एवं डॉक्टर गौरव कुमार, इनके अलावा गाम पंचायत सूखा सरपंच बाबू लाल पटेल सुदर्शन उप सरपंच चतुर्भुज पटेल, राजेश पटेल, मुकेश पटेल, उमाशंकर पटेल, टीकराम पटेल, विशाल पटेल, नेता पटेल, रजान साहू, मुकेश ठाकुर, धनीराम माते एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पटेरा में सेवानिवृत्ति सहायक संचालक नन्हे सिंह का हुआ सम्मान समारोह, नवागत बीईओ का किया स्वागत

# हमें शिक्षक होने पर गौरव होना चाहिये : नन्हे सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





नगर के उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने विदाई एवं सम्मान समारोह का अभिनव आयोजन किया। जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ सहा. संचालक नन्हे सिंह का सेवानिवृत्ति उपरांत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षकों के बीच लोकप्रिय शिक्षक नन्हे सिंह के साथ ही नगर में संकुल प्राचार्य व बीईओ पद से स्थानांतरित हुये आई एल अठया के पुनः पटेरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी का पदभार संभालने पर उनका भी सम्मान एवं पूर्व में बीईओ पदस्थ रहे संजय अग्रवाल व मुकेश गूजरे प्राचार्य का भी सम्मान करने के साथ अभी हाल ही में स्थानांतरित प्रभारी प्राचार्य जे एस अहिरवार का वर्तमान प्राचार्य वंदना भोज का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख नरेन्द्र बजाज एवं पत्रकार दिनेश प्यासी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रारंभ में सभी अतिथियों ने सरस्वती पूजन कर दीप प्रज्वलन किया। सभी का तिलक लगा कर पुष्पाहार शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से मॉडल स्कूल प्राचार्य विवेक नेमा, पीएम श्री कन्या हाई स्कूल प्राचार्य सुरेन्द्र कटहरे, हायर सेकेण्डरी स्कूल प्राचार्य जगदीश पटैल, कुड़ई स्कूल प्राचार्य महेन्द्र जैन, लुहारी संकुल प्राचार्य श्री राजपूत, अरविंद सिंह परिहार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन कमलेश शर्मा एवं श्री लक्ष्मण प्रसाद विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में माधव प्रसाद पटेल शिक्षक शासकीय हाई स्कूल बिला खुर्द ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया ।

अपने उदबोधान में मुख्य अतिथि नन्हे सिंह ठाकुर ने अपनी शासकीय सेवा पटेरा तहसील के ग्राम कुम्हारी में नव खुले हाईस्कूल प्राचार्य के रूप में सन 1985 में की थी का जिक्र करते हुये पटेरा में बीआरसी के रूप में कार्य करने को लेकर अपना यादगार कर्मकाण्ड बताया। उन्होने जिला शिक्षा कार्यालय में सहायक संचालक के रूप में कार्य करने की भी बात कही उन्होने कहा कि सभी विभागो में सबसे अच्छा शिक्षा विभाग है। शिक्षक को सबसे अच्छा पड़ बतलाते हुये भी श्री सिंह ने कहा कि गौरव मिलता है हम किंग नहीं पर किंग मेकर की भूमिका निभाते है। इसके लिये उन्होने चाण्क्य व अनेक उदाहरण भी दिये।

### मातृभूमि की चिंता

श्री नन्हे सिंह जी ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा कि मुझे लगता है कि दिल्ली में हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को देश के लिये उपलब्धि दिलाने सक्रियता बन रहती है तो पटेरा में नरेन्द्र बजाज को अपनी मातृभूमि पटेरा को गौरव दिलाने की सक्रियता बनी रहती है।

श्री नन्हे सिंह ने कहा कि शीघ्र ही वह एक कार्यक्रम को लेकर आप सभी के बीच आयेंगे व उससे सभी को जोड़ेंगे। बाईओ श्री अठया, मुकेश गूजरे, जेएस अहिरवार, वंदना भोज ने भी आयोजन की सराहना कर शिक्षको की सक्रियता को सराहा। अठया जी ने कहा कि सभी के सहयोग से इस खंड में शिक्षा को प्रगति के पथ पर ले जायेंगे। पत्रकार नरेन्द्र बजाज व दिनेश प्यासी ने भी अपनी बात कही।

प्रारंभ में कमलेश शर्मा, कैलाश पटेल, वृंदावन पटैल ने भी अपनी बात कही व अतिथियों की सराहना की। मुकेश गूजरे ने आयोजन व आयोजना को सराहा। अंत में आभार संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष मुलाम सिंह राजपूत ने माना।

उक्त कार्यक्रम शिक्षक/आध्यपक संयुक्त मोर्चा विकास खण्ड पटेरा ने किया जिसमें अध्यापक संघ के अध्यक्ष मुलायम सिंहराजपूत, प्रमोद परोहा, अभिषेक ताम्रकार निर्मल सिंह रमाकांत दुबे वृंदावन पटेल, पुरसोत्तम पटैल निरन सिंह रतन सिंह चन्दन पालीवाल मनोज शुक्ला बृजेश सेन सुखेंद्र पटेल अरविंद पटेल अमित जैन मूसा खान देवेन्द्र तंत्वाय नीरज खरे बृजेश पटेल रामू ताम्रकार रवि शंकर पटेरिया अजय सिंह राजपूत हीरालाल पटेल मनोहर पटेल अमृत अहीरवाल संतोष कटारिया नीलेश विश्वकर्मा अंकित गौतम राजेंद्र दुबे संजय पाठक बलराम प्रजापति रामेश्वर प्रजापति रामेश्वर चौरसिया अरुण पटेल विक्रांत अंबरकर अमित जैन अमृत अहिरवार बृजेश पटेल संजय पाठक नरेंद्र अथिया अरविंद पटेल रतन सिंह राजपूत लोहारी से सरजू अहीरवाल अमित जैन,सीताराम पटैल, रामरतन ताम्रकार श्रीमती मीनाक्षी दुबेश्रीमति नीता आसाटी श्रीमति चौरसिया श्रीमती कल्पना ताम्रकार श्रीमती तारा नामदेव नवेंद्रखुशीराम विश्वकर्मा,राजेश पटेरया विजय पटेरिया, नवेंद्र आठिया, मुकेश अहिरवार नवीन पटैल श्रीश नेमा विवेक ताम्रकार आठिया,मनोज अठिया हरिशंकर रैकवार बाबा रैकवार उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स कंपलेक्स का करेंगे शुभारंभ

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल आज 31 अगस्त को प्रातः 10 बजे स्थानीय सिविल वार्ड स्टेडियम दमोह में भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना अंतर्गत नवनिर्मित इंडोर स्पोर्ट्स कंपलेक्स का शुभारंभ करेंगे। राज्यमंत्री श्री पटैल प्रातः 10:30 बजे दमोह से ग्राम जोरतला के लिए प्रस्थान करेंगे और प्रातः 11 बजे ग्राम जोरतला पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ माननीय प्रधानमंत्री जी की मन की बात सुनेंगे। आप दोपहर 12 बजे पथरिया कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों एवं जन सामान्य से सौजन्य भेंट करेंगे। राज्य मंत्री श्री पटेल दोपहर 12:30 बजे ग्राम नंदरई में पार्टी कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों एवं जन सामान्य से सौजन्य भेंट करेंगे, तदोपरांत अपरान्ह 2:30 बजे ग्राम नदरई से भोपाल के लिए व्हाया गणेशगंज, शाहपुर, सागर, राहतगढ़, विदिशा, सांची, बिलखिरिया होते हुए भोपाल पहुंचेंगे।

**आम सूचना**

आम जमता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुरेश बल्द जमना प्रसाद मिश्रा निवासी-मांगज वार्ड नं. 5 दमोह तह व जिला दमोह वालो ने अपने पुत्र शिव मिश्रा के द्वारा निरंतर परेशान किये जाने, मारपीट करने के कारण अपनी जमीन जायदाद व अपनी जिंदगी से बेदखल कर दिया है। अब मेरे पक्षकार का अपने पुत्र शिव मिश्रा से कोई संबंध नहीं है। यदि मेरे पक्षकार के पुत्र शिव मिश्रा द्वारा मेरे पक्षकार के नाम से किसी भी प्रकार का कोई लेनदेन किया हो या कर रहा हो तो उसमें मेरे पक्षकार की कोई जबावदारी नहीं होगी।

दमोह
दिनांक
30/08/25

एम पी चौरसिया
सिविल कोर्ट दमोह
मो.नं. 9300927808